Title: Need to declare certain State roads in Bihar as National Highways.

श्रीमती कान्ति सिंह (बिक्रमगंज) : महोदय, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश को जोड़ने वाले राजकीय पथों - आरा से सासाराम, बक्सर से सासाराम, बक्सर से विक्रमगंज डेहरी ओन सोन एवं रोहतास को राट्रीय पथ के रूप में दर्जा देने हेतु मैंने भूतल परिवहन मंत्रालय तथा बिहार सरकार को लिखा था। मुझे यह भी जानकारी मिली है कि बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग ने उक्त पथों को राट्रीय उच्च पथ का दर्जा देते हुए निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर कराने का भूतल परिवहन विभाग, भारत सरकार को अनुरोध किया है। अभी तक केन्द्र सरकार द्वारा उक्त पथों की राट्रीय पथ के रूप में अधिग्रहण करने की कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है। इन पथों के बन जाने के फलस्वरूप चार राज्यों के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, यातायात एवं रोजगार आदि नें आशातीत विकास वृद्धि की पूरी संभावना है।

अत: केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उक्त पथों को राट्रीय उच्च पथ का दर्जा शीघ्र प्रदान करें।